पंजाब केसरी 3-10-2024

गांधी जी का संदेश आज और भी महत्वपूर्ण हो गया है : डा. रोहित दत्त

जी.एम.एन. कॉलेज में गांधी जी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करके मनाई गई गांधी जयंती

अम्बाला, 2 अक्तूबर (बलराम): महात्मा गांधी जी की जयंती के उपलक्ष्य पर बुधवार को गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज के प्रांगण में एक समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कॉलेज प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने महात्मा गांधी जी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करते हुए उन्हें नमन किया।

प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने अपने संबोधन में महात्मा गांधी के महान बलिदानों और उनके द्वारा स्वतंत्रता संग्राम में दिए गए अद्वितीय योगदान पर प्रकाश डाला। उनका कहना था कि गांधी जी ने सत्य, अहिंसा और स्वदेशी के सिद्धांतों को अपनाकर न केवल भारत को स्वतंत्रता दिलाई, बल्कि पूरी दुनिया को मानवता और शांति का मार्ग दिखाया। उनका जीवन हमें सिखाता है कि कठिनाइयों के बीच में कैसे सत्य और नैतिकता के पथ पर डटा रहा जा सकता है।

डा. रोहित दत्त ने कहा कि वर्तमान समय में गांधी जी के विचारों को प्रासंगिक बताते हुए कहा कि आज जब दुनिया में हिंसा और असहिष्णुता बढ़ रही है, तब गांधी जी का संदेश और भी महत्वपूर्ण हो गया है। उनका सत्य और अहिंसा का सिद्धांत आज भी समाज को एकजुट रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। इस अवसर पर कॉलेज के शिक्षक और कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ और सभी ने मिलकर गांधी जी के आदर्शों को अपने जीवन में उतारने का संकल्प लिया।

गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज के प्रांगण में महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करते प्राचार्य डा. रोहित दत्त। (देवदत्त)